Reg. No. 162/91-92 R.N.I. No. 70914/92

# बन्धुत्व-संदेश

वर्ष-35 अंक-7-8 संयुक्तांक दिसम्बर 2025 जनवरी 2026 प्रकाशन तिथि :- 15-16 प्रतिमाह



## विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

**समिति के चुनाव हेतु नामांकन 8 मार्च तथा मतदान 15 मार्च 2026 को होंगे।**
**चुनाव अधिकारी - श्री बी.सी. रावत ( एडवोकेट )**

## श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति

3/25, वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर - 302020 | ई-मेल : svjkarmacharisamitijpr@gmail.com

जांगिड ब्राह्मण समाज के कार्मिकों की अखिल भारतीय संस्था

आर.डी. शर्मा ( सम्पादक )
मो. : 9414446671

बृजकिशोर शर्मा ( सह. सम्पादक )
मो. : 9928080626

# श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति, मानसरोवर, जयपुर

## आम सभा दिनांक 4 जनवरी 2026 के कार्यवृत्त

दिनांक 29.11.2025 के नोटिस द्वारा बुलाई गई श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति की आम सभा दिनांक 4 जनवरी 2026 रविवार को प्रात: 12.15 पर आयोजित की गई । इस सभा को विधिवत संचालन के लिए समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री आर डी शर्मा को मिटिग की अध्यक्षता करने हेतु समिति के अध्यक्ष श्री बृज किशोर शर्मा ने नाम प्रस्तावित किया जिसका समर्थन सभी उपस्थित सदस्यों के द्वार किया गया । अध्यक्ष ने श्री आर डी शर्मा को आसन पर आमन्त्रित किया तथा आसन ग्रहण कराया ।

इसके बाद समिति के हस्ताक्षर हो रहे रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें 45 सदस्या के हस्तााक्षर 12.45 तक हो चुके थें कोरम की व्यवस्था देखी गई कम से कम 50 सदस्य आम सभा के मिटिग के लिए अनिवार्य है अत: मिटिग आगामी 30 मिनट के लिए स्थगित की गइ । इस बीच उपस्थित सदस्यों के बीच विभिन्न विषयों पर अनोपचारिक विचार विमर्श होता रहा । ठीक अपरान्ह 1.30 पर मिटिग को अध्यक्ष की अनुमति से पुन: आहूत करने का निर्देश दिया गया । जिस पर रजिस्टर पर हस्ताक्षरित सदस्यों की संख्या 50 से अधिक पाई गई जिस पर निर्धारित कार्यसूची पर विचार विमर्श करने की अनुमति अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदान की गई । जिसका बिन्दूवार विवरण/कार्यवृत्त निम्न अनुसार है ।

1. **अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण**– समिति अध्यक्ष श्री बृज किशोर शर्मा द्वारा पधारे हुऐ आजीवन सदस्यों का स्वागत करते हुऐ अभिवादन किया गया इससे पूर्व सभी को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया । अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल का संक्षिप्त विवरण देते हूऐ आर्थिक एवं गतिविधियों के विस्तृत विवरण महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट में दिये जाने की जानकारी देते हुऐ अपना स्वागत भाषण समाप्त किया गया ।
2. **गत आमसभा के कार्यवृत्तो का वाचन एवं पुष्टि**– महामंत्री श्री केदार प्रसाद शर्मा ने 1.4.2024 से 31.12.2025 तक की समस्त गतिविधीयों की अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की रिपोर्ट इस कार्यवृत्तो के साथ पृथक से दी जा रही है । गत मिटिग के कार्यवृत्तों की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई ।
3. **कोषाध्यक्ष की रिपोर्ट** – समिति के कोषाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द शर्मा पंवार ने 1.4.2023 से 31.3.2025 तक की ऑडिट की गई एवं आयकर रिर्टन भरी गई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, साथ ही 1.4.2025 से 30.11.2025 तक का आय–व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया । ऑडिट की हुई रिपोर्ट बन्धुत्व संदेश के गत अंको में प्रकाशित की जा चुकी है एवं उपस्थित सदस्यों से आपत्ति मांगी गई आयकर की धारा 80 जी के मसले पर विचार विमर्श करने बाद आय व्यय विवरण के सभी खर्च सर्वसम्मति से पारित किये गयें जो नीचे दिये जा रहे है ।
4. **समिति के मूल दस्तावेजो की वर्तमान स्थिति** – इस पर अध्यक्ष श्री बृज किशोर शर्मा ने बताया कि महामंत्री की रिपोर्ट में सम्पूर्ण जानकारी दी जा चुकी है अभी तक मूल दस्तावेज
पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम जांगिड के पास ही है तथा उन्होने सभी प्रयास यथा उनके समय के महामंत्री श्री रमेश चन्द शर्मा कपूरालावाले तथा कोषाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द जांगिड तथा अन्य

-2-

उनके सहयोंगीयों के माध्यम से भी प्रयास किये गये परन्तु उन्होने यही कहा किसी भी स्थिति में नही दूगां कोर्ट केस की अगली तारीख 7 फरवरी 2026 है ।

5. **समिति के संविधान में संशोधन के प्रस्ताव** – कार्यकारिणी की मिटिंग में समिति के निम्न प्रस्तावों को आम सदस्यों के समक्ष संशोधन हेतु रखे गयें ।

क– संविधान के पैरा -9 (1) में संशोधित पैरा निम्न प्रकार पारित किया गया ।

**समिति की साधारण सभा की वार्षिक बैठक विश्वकर्मा जयन्ति अर्थात माध शुक्ला त्रैयादशी अथवा जनवरी से फरवरी माह में आयोजित की जावेगी तथा मार्च में चुनाव कराना अनिवार्य होगा ।**

ख– संविधान के पैरा 11 (2) में सभी जिलो में **संयुक्त मंत्री एवं प्रचार मंत्री में सृजित पद समाप्त किये जावें ।** तथा पैरा 11 (3) जोडा गया जो निम्न प्रकार से है ।

**जिला स्तर पर समिति के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक जिले में एक पद जिला समन्वयक का सृजित किया जावे, जिला समन्वयक आर्थिक संशाधन बाबत समिति के अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी में पारित करवाकर कार्य करेगा ।**

ग– संविधान के पैरा 12 (2) को निम्न प्रकार संशोधित कर पास किया ।

**समिति के अध्यक्ष का चुनाव जहां तक सम्भव हो फरवरी से 15 मार्च के मध्य सम्पन्न कराया जावेगा ताकि नये अध्यक्ष/कार्यकारिणी को कार्यकाल 1 अप्रेल से प्रारम्भ हो जावे , चुनाव की तिथी व स्थान की सूचना सभी सदस्यों को सांशियल मिडिया के माध्यम यथा व्हाटसअप,मेंसेज,तथा सामाजिक पत्र पत्रिकाएें, तथा समिति की ई पत्रिका बन्धुत्व संदेश के माध्यम से प्रकाशित की जावेगी ।**

नया पैरा 12 (3) निम्न प्रकार जोडा गया ।

**आमसभा द्वारा चुने गये नये अध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने तक निवर्तमान अध्यक्ष समिति के दिन प्रतिदिन के कार्य करता रहेगा । किन्तु काई नीतिगत निणर्य नही लेगा ।**

उक्त संविधान संशोधन विचार विमर्श के बाद सर्वसम्मति से पास किये गये ।

6. **वर्ष 2026-2028 अवधि के चुनाव की तिथी का निर्धारण**– समिति की कार्यकारिणी ने श्री बी सी रावत एडवोकेट को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया जाने की सूचना आम सभा को दी गई तथा श्री बी सी शर्मा एडवोकेट को डायस पर बुलाया गया । उन्होन कार्यकारिणी द्वारा प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम विचार विमर्श हेतु चुनाव अधिकारी ने सभी सदस्यों के सम्मुख पारित करने हेतु रखा । जिसके अनुसार सदस्य बननें की अतिम तारीख 22 फरवरी 2026 रात्री 12 बजे तक नामांकन की तिथी 8.3.2026 रविवार अपरान्ह 1 बजे तक तथा आवश्यकता होने पर चुनाव की तिथी 15 मार्च 2026 को प्रात:11 से सायं 6 बजे तक का रखने पर सभी ने सर्व सम्मति से सहमति प्रदान की ।

–3–

चुनाव अधिकारी द्वारा विस्तृत कार्यक्रम फरवरी 2026 में जारी कर दिया जावेगा । सभी ने चुनाव अधिकारी को अपने सहयोगी की रूप में दो सहयोगी की नियुक्ति करने के लिए भी अधिकृत किया ।

7. **अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दू** – **श्री शंकर लाल जांगिड** ने इस विषय पर अपने विचार रखें तथा चाहा कि जिन सदस्यों की मृत्यु हो गई उनके नाम सदस्यता सूची से हटाये जावे । तथा समिति अन्य कार्य भी अपने हाथ में ले सकती है ।

   **श्री एम एल जांगिड बडौदा बैंक** से सेवा निवृत्त ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति नये सदस्य बनाने पर जोर देवे समाज के हजारो नवयुवक सरकारी तथा अर्द्ध सरकारी सेवा में गत 5 सालो में नियुक्त हुऐ है उनको उनके परिचितों के माध्यम से सदस्य बनाने परजोर दिया जावे । समिति अपनी ई पत्रिका के माध्यम से विवाह योग्य युवक युवतियों के बायोडेटा भी अपनी ई पत्रिका बन्धुत्व सन्देश में प्रकाशित करना चालू करें। परिचय सम्मेलन भी आयोजित कर सकती है ।

   **श्री सुरेश चन्द शर्मा प्रिन्सीपल** ने भी अपने विचार व्यक्त करतें हुऐ नये सदस्यों को बनाने पर जोर देते हुऐ कहा कि सभी पुराने तथा वरिष्ठ सदस्य अपने पुत्र पुत्रियों तथा रिश्तेदारों को भी सदस्य बनावे सुरेश जी ने गत दिनों में करीब 5 नये सदस्य बना कर समिति को सहयोग प्रदान किया ।

   **वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम** – आम सभा में समिति के श्री रामसहाय जांगिड जी तथा श्री भंवरलाल जांगिड को शॉल,दुपट्टा एवं सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । शेष 4 सदस्यों का भी आगामी दिनों में उनके निवास पर जा कर सम्मानित किया जावेगा ।

8. **अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद** – विचारणीय बिन्दूओ के बाद समिति अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा ने सभी पधारें हुऐ सदस्यों को आम सभा में आकर भाग लेने पर धन्यवाद दिया तथा शाम को होने जा रहे पौषबडा प्रसादी कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की, इस कार्यक्रम के 500 टिकिट छपवाये थे जो सारे बिक चुके है तथा ऑन लाईन भी अभी तक मांग आ रही है आम सभा के कारण इसके राशि मात्र 50/– पचास रूप्यें मात्र रखी गइ थी ।

9. इसकें बाद भगवान श्री विश्वकर्मा जी को भोग लगाया गया आरती प्रार्थना की गई । सभा समाप्त धोंषित की गई ।

संलग्न – **महामत्री की रिपोर्ट तथा आय व्यय विवरण**

| | |
|---|---|
| बृज किशोर शर्मा | केदार प्रसाद जांगिड |
| अध्यक्ष | महामंत्री |

# श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति, मानसरोवर जयपुर

## *महामंत्री की वार्षिक रिपोट 2024 – 2026*

**आदरणीय अध्यक्ष महोदय,**

समिति के समक्ष कुछ चुनौतियाँ भी रहीं—विशेषकर समिति के मूल दस्तावेजों से संबंधित प्रकरण—लेकिन आपने धैर्य, दृढ़ता और विधिक मार्ग से समस्या के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए। यह समिति की संपत्ति, प्रतिष्ठा और भविष्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक कदम था।

मैं समिति के सभी दानदाताओं, सहयोगकर्ताओं एवं उन समाजबंधुओं का भी हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने समय-समय पर समिति को आर्थिक, नैतिक एवं बौद्धिक सहयोग प्रदान किया। उनके सहयोग से ही समिति निरंतर आगे बढ़ रही है।

अंत में, अध्यक्ष महोदय, मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हम सभी आपके नेतृत्व में आगे भी इसी प्रकार एकजुट रहकर समिति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे। समाज, संगठन और आने वाली पीढ़ियों के हित में समिति को और अधिक सशक्त बनाना ही हमारा संकल्प है।

इन्हीं शब्दों के साथ, आपकी अनुमति से मैं समिति के वर्ष 2024–2026 के कार्यकाल का विस्तृत प्रतिवेदन आम सभा के समक्ष प्रस्तुत करता हूँ।

**समिति में वर्ष 2024–2025 में 12 एवं 2025–2026 में अब तक 8 कार्यकारिणी की मीटिंग आयोजित की गयी है। मीटिंग्स में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर निम्न वर्णित कार्यों को पूरा किया है :-**

**1.हॉल में पर्दे लगवाने का कार्य** . श्री विश्वकर्मा जांगिड़ कर्मचारी समिति के सभा हॉल में कार्यकारिणी के सदस्यों के प्रस्ताव सेहॉल को सुन्दर एवं अत्यधिक धूप/प्रकाश को नियंत्रित करने हेतु खिड़कियों पर पर्दे लगवाने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है । समस्त सामग्री एवं श्रम पर रुपये 27350 रुपये खर्च हुए ।

2. **सोलर इंवर्टर लगवाने का कार्य-** समिति परिसर में स्थापित सोलर प्लांट का इन्वर्टर विगत कई महीनों से खराब स्थिति में थाजिसके कारण सोलर ऊर्जा का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। पुराने इन्वर्टर की जाँच के उपरांत तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा उसे अनुपयोगी घोषित किया गया। आवश्यक बजट स्वीकृति के बाद नया इन्वर्टर खरीदने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस समस्या के समाधान हेतु समिति की सहमति से नया इन्वर्टर स्थापित करवाया गया। इन्वर्टर स्थापित करवाने का सम्पूर्ण खर्चरुपये 56676 /- हुआ ।यहाँ यह भी उल्लेख करना प्रासंगिक होगा की पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम जांगिड ने इन्वर्टर ख़राब होने पर सप्लायर पर कोर्ट केस किया था जिससे समिति को ............रूपए प्राप्त हुए थे ।इसके लिए समिति के आजीवन सदस्य एवं अधिवक्ता श्री आर.डी.शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम जांगिड धन्यवाद् के पात्र हैं ।

3- **समिति द्वारा बंधुत्व संदेश का ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशन-** बंधुत्व संदेश का ई-पत्रिका के रूप में नियमित प्रकाशन माह मई -2024 सेप्रारंभ किया गया ।जिसमें समिति की गतिविधियों तथा नवीन सदस्यों की जानकारी को सम्मिलित किया गया।

4- **समिति के कार्यालय का आधुनिकीकरण**-समिति के कार्यालय का आधुनिकीकरण करते हुए उसे पूर्ण रूप से कंप्यूटराइज्ड किया गया। समिति के इस कार्य हेतु समिति के आजीवन सदस्य एवं उपाध्यक्ष श्री राम प्रसाद शर्मा ,सेवानिवृत प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय द्वारा एचपी का एक लेजर जेट प्रिंटर समिति को भेंट किया गया

जिसकी अनुमानित लागत लगभग 25000 रुपए है एवं समिति के कार्य संचालन में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ाने के लिए एक कंप्यूटर सेट की खरीद की गई जिसकी लागत24500 /- रुपये आई।

5.**भवन के रंग रोगन का कार्य-** सर्वप्रथम भवन के बाहर की चार दिवारी एवं मुख्य भवन के बाहर की दीवारों पर रंग रोगन कराया गया जिस पर मजदूरी के 65000/- एवं सामान के 70500/- खर्च किए गए। साथ ही मुख्य गेटपर की गई चित्रकारी जो खराब हो गई थी उस पर पुनःचित्रकारी कराई गई जिस पर समस्त खर्च 18000 /- किया गया।

6.**उप-समितियों का गठन**.समिति के कार्यों को नियमित एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया] जिनमें अलग-अलग क्षेत्रों के कार्यों का विभाजन किया गया जो निम्नानुसार है:-

1.**सदस्यता समिति-** इस उप समिति में सर्वश्री सुधीर डेरोलिया,डॉ. प्रेम नारायण शर्मा, मुकेश जांगिड़, कैलाश चंद्र पवार को जिम्मेदारी दी गई।

2. **भवन मरम्मत एवं रखरखाव समिति-** इस उप समिति में सर्वश्री त्रिलोक चंद शर्मा ,उमेश चंद्र शर्मा, रामनिवास जांगिड़ को रखा गया।

3. **सेमिनार एवं कार्यशाला समिति-** इस उप समिति की जिम्मेदारी सर्वश्री आरपी शर्मा, डालचंद धामा एवं विनय कुमार शर्मा को दी गई।

4. **संविधान संशोधन समिति-**समिति के संविधान को आज की परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक सुधार एवं संशोधन हेतु सर्व श्री कैलाश दायमा को इसका दायित्व दिया गया।

5.**अनुपयोगी सामान निस्तारण उप समिति-** समिति के कार्यालय परिसर में लोहा ,रद्दी आदि बहुत सा सामान जो अनुपयोगी है के निस्तारण के लिए सर्वश्री त्रिलोक चंद शर्मा, कैलाश चंद्र पँवार,केदार प्रसाद जांगिड़एवं श्री रामनिवास जी शर्मा को रखा गया।

उक्त समितियों के सदस्यों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी तन्मयता से किया है। समिति उनको ह्रदय से धन्यवाद् देती है।

7.**छात्रावास की समस्याओं का निवारण-** अध्यक्ष महोदय ने छात्रावास में रह रहे छात्रों की एक मीटिंग दिनांक 20.05.2024 को आयोजित की जिसमें छात्रावास में जो कमियां या सुधार की आवश्यकता है उसके लिए छात्रों से सुझाव मांगे गए। जिसमें बिजली के स्विच सही करवाना एवं शौचालय एवं आम जगह की सफाई की व्यवस्था ,पानी के कूलर आदि की व्यवस्था में जो कमियां बताई गई उनको ठीक करवाया गया। साथ ही छात्रावास परिसर का रंग रोगन भी कराया गया।छात्रावास की नियमित सफाई की व्यवस्था भी सुचारू रूप से चालू की गई जो वर्तमान में भी जारी है।

8.**स्नेह मिलन समारोह एवं पौष बड़ा कार्यक्रम-** समिति ने दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट प्रसादी दिनांक 06.11.2024 को आयोजित किया जिसमें लगभग 400 लोगों ने भाग लिया। होली मिलन समारोह 23.03.2025 को समिति परिसर में आयोजित किया गया। इसी तरह दिनांक 12.01.2025 को समिति परिसर में पौष बड़ा प्रसादी का आयोजन कूपन द्वारा किया गया जिसमें लगभग 425 लोगों की उपस्थिति रही। आज भी शाम को पौष बड़ा प्रसादी का कार्यक्रम है जिसमे लगभग 500 सदस्यों के भाग लेने की संभावना है।

9. **प्रतिभा सम्मान समारोह (क) -** श्री विश्वकर्मा जांगिड़ कर्मचारी समिति ,जयपुर द्वारा ग्राम चौसला ( नागौर ) में श्री विश्वकर्मा सेवा समिति चौसला के सहयोग से दिनांक 06.10.2024 को एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जहाँ कक्षा 10 व 12 बोर्ड में 80 से प्रतिशत सेअधिक अंक प्राप्त,NEETव आईआईटी में चयनित मेधावी कुल 36 प्रतिभाओं को एक एक चाँदी का सिक्का,प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।राजकीय सेवा में नवनियुक्त कार्मिकों को भी प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यकारिणी सदस्यों,प्रतिभाओं,समाजबंधुओं एवं कार्यक्रम में पधारे हुये सभी अतिथियों के सामूहिक भोजन का आयोजन श्री विश्वकर्मा सेवा समिति चौसला के द्वारा किया गया । इस पुनीत कार्य के लिए समिति इनका धन्यवाद् ज्ञापित करती है।

**(ख).प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन जयपुर में -** श्री विश्वकर्मा जांगिड़ कर्मचारी समितिजयपुर द्वारा अपने परिसर में एक भव्य प्रतिभा सम्मानसमारोह का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा 10 व 12 बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के 140 मेधावी विद्यार्थी एवं NEET व आईआईटी में चयनित 11 विद्यार्थी इन सभी प्रतिभाओं को एक एक चाँदी का सिक्का,प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । राजकीय सेवा में नवनियुक्त कार्मिक ( राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित 8 प्रतिभाओं सहित ) को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । गणमान्य अतिथियों का दुपट्टा और प्रतीक चिन्ह देकर अतिथि सत्कार किया गया । कार्यकारिणी सदस्यों ,प्रतिभाओं ,समाजबंधुओं,कार्यक्रम में पधारे हुये सभी अतिथियों के सामूहिक भोजन का आयोजन समिति के द्वारा किया गया । सम्पूर्ण कार्यक्रम पर कुल 400000/-रुपये की राशि खर्च हुई । इस सम्मान समारोह के लिए दानदाताओं से भी करीब149000/- रुपए की सहयोग राशि प्राप्त हुई । 01.04.24 को दान दाताओं की सूची निम्न प्रकार है :-

**श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति , मानसरोवर (जयपुर)**

## दान दाताओं की सूची

| S.No. | R.NO. | DATE | NAME OF DONOR | Cash | Bank |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 993 | 18.10.2024 | RAJAN SHARMA (MARUTI CASTING )VKIA | 0 | 51000 |
| 2 | 998 | 18.10.2024 | R D SHARMA EPF MAHESH NAGAR | 0 | 21000 |
| 3 | 889 | 04.10.2024 | ASHOK SHARMA (EQUAL) | 0 | 11000 |
| 4 | 1441 | 05-07-2025 | SANJAY HARSHWAL RS.11000/- | 0 | 11000 |
| 5 | 881 | 02.10.2024 | VIJAY ENGINEERING WORKS | 0 | 5100 |
| 6 | 999 | 18.10.2024 | DR VIRESH BERIWAL KOTA | 0 | 2501 |
| 7 | 896 | 11.10.2024 | D N SHARMA, PNB | 0 | 2100 |
| 8 | 874 | 10.09.2024 | M.L JANGIDA BIKANER | 0 | 1100 |
| 9 | 878 | 25.09.2024 | DR GAJENDRA JANGID | 0 | 1100 |
| 10 | 884 | 02.10.2024 | BHAGWAN SAHAY JANGID DAUSA | 0 | 1100 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 886 | 02.10.2024 | GIRRAJ PRASAD JANGID DAUSA | 0 | 1100 |
| 12 | 888 | 04.10.2024 | RAMESHWAR LAL KAPOORAWALA | 0 | 1100 |
| 13 | 110 1 | 18.10.2024 | BRIJ KISHOR SHARMA , SODALA | 5151 | 0 |
| 14 | 899 | 14.10.2024 | GULAB CHAND SHARMA , SODALA | 5100 | 0 |
| 15 | 900 | 15.10.2024 | RAM SAHAI JANGID,PRESIDENT (DIBBE WALE ) | 5100 | 0 |
| 16 | 863 | 10.09.2024 | R.P Sharma VP | 5100 | 0 |
| 17 | 885 | 02.10.2024 | GIRDHARI LAL JI MANDONIA | 5100 | 0 |
| 18 | 864 | 10.09.2024 | SHIV NARAYAN NANGAL | 2100 | 0 |
| 19 | 892 | 11.10.2024 | OM PRAKASH SHARMA, 43/31/4 | 2100 | 0 |
| 20 | 893 | 11.10.2024 | HEMANT S/O SH RAM SWAROOP JI | 2100 | 0 |
| 21 | 895 | 11.10.2024 | DR SUNIL SHARMA, 33/10 | 2100 | 0 |
| 22 | 105 4 | 20.10.2024 | SHRI VISHKARMA JANGID SEWA SAMITI CHOSALA | 2100 | 0 |
| 23 | 105 9 | 20.10.2024 | PRESIDENT, ABJBM TEHSIL SABHA BASSI | 2100 | 0 |
| 24 | 995 | 18.10.2024 | L R JANGID (GRAMIN BANK )JAGATPURA | 1151 | 0 |
| 25 | 996 | 18.10.2024 | SURESH KR JANGID HM JAGATPURA | 1151 | 0 |
| 26 | 873 | 10.09.2024 | K.P JANGID | 1111 | 0 |
| 27 | 880 | 28.09.2024 | SUDHIR DEROLIA | 1100 | 0 |
| 28 | 898 | 13.10.2024 | V P SHARMA, RHB | 1100 | 0 |
| 29 | 997 | 18.10.2024 | RATAN LAL JANGID LIC SODALA | 1100 | 0 |
| 30 | 865 | 10.09.2024 | RAMAVTAR RAWAT | 1100 | 0 |
| 31 | 866 | 10.09.2024 | MUKESH JANGID | 1100 | 0 |
| 32 | 867 | 10.09.2024 | RAMNIVAS JANGID | 1100 | 0 |
| 33 | 868 | 10.09.2024 | RAJENDRA PRASAD JANGID BOB | 1100 | 0 |
| 34 | 869 | 10.09.2024 | DR PREM NARAYAN | 1100 | 0 |
| 35 | 871 | 10.09.2024 | DAL CHAND PANWAR | 1100 | 0 |
| 36 | 875 | 10.09.2024 | VINAY SHARMA | 1100 | 0 |
| 37 | 876 | 25.09.2024 | BHAGWAT PRASAD | 1100 | 0 |
| 38 | 877 | 25.09.2024 | KAILASH CHAND PANWAR | 1100 | 0 |
| 39 | 879 | 28.09.2024 | ASHOK KUMAR JANGID | 1100 | 0 |
| 40 | 105 5 | 20.10.2024 | RAMESH CHAND SHARMA KAPURALA | 1100 | 0 |
| 41 | 105 6 | 20.10.2024 | MUNNA LAL JANGID VIJAY NAGAR MANSAROWAR | 1100 | 0 |
| 42 | 105 7 | 20.10.2024 | BIHARI LAL JANGID NIWARU ROAD | 1100 | 0 |
| 43 | 105 8 | 20.10.2024 | BABU LAL JANGID BASSI | 1100 | 0 |
| 44 | 106 0 | 20.10.2024 | RAKESH KUMAR JANGID PINJARPOL GAUSHALA | 1100 | 0 |
| 45 | 106 1 | 20.10.2024 | PRAKASH CHAND, PRESIDENT, SUBHASH CHAUK | 1100 | 0 |
| 46 | 894 | 11.10.2024 | SHANAKR LAL JANGID, 33/133 | 1020 | 0 |
| 47 | 872 | 10.09.2024 | BANKA RAM JANGID | 1000 | 0 |
| 48 | 897 | 11.10.2024 | H.P SHARMA, RETD UCO 105/85 | 1000 | 0 |
| 49 | 870 | 10.09.2024 | GULAB CHAND SHARMA | 500 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 50 | 1053 | 20.10.2024 | HARI RAM JANGID NAWAN | 500 | 0 |
| | | | | 66484 | 109201 |
| 51 | 1448 | 15.08.2025 | BANWARI LAL JANGID RETD POLICE | 2100 | 0 |
| 52 | 1577 | 15.11.2025 | SURAJ MAL KEDWAL EX PRESIDENT SAMITI | 1100 | 0 |
| 53 | 1555 | 22.09.2025 | SATPAL JANGID,BIKANER | 1100 | 0 |
| | | | | 70784 | 109201 |
| | | | **TOTAL DONATION** | **179985** | |

10. **समिति के मूल दस्तावेजों बाबत**- जैसा कि सभी को जानकारी है कि समिति के मूल दस्तावेज पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम जांगिड़ के पास है। उन्होंने अपने कार्यकाल वर्ष 2020 – 2022 के बाद नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष श्री उमेश चंद्र शर्मा को सुपुर्द नहीं किए थे दस्तावेज प्राप्ति हेतु तत्कालीन अध्यक्ष श्री उमेश जी द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी दस्तावेज प्राप्त नहीं होने पर कोर्ट में दस्तावेजों की प्राप्ति हेतु इस्तगासा दायर किया था। इस पर कोर्ट में एक एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। थाने में अन्वेषण अधिकारी द्वारा दिनांक 14.12.2024 शनिवार को वर्तमान अध्यक्ष श्री बृज किशोर शर्मा , पूर्व अध्यक्ष श्री उमेश चंद्र शर्मा , त्रिलोक चंद शर्मा , पूर्व कोषाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्र जांगिड़ को बुलाकर श्री सीताराम जांगिड़ से दस्तावेज देने के लिए कहा था जिस पर उन्होंने बैंक में लॉकर लेने एवं उसमें रखवाने के लिए अपनी सहमति दी थी। इस पर समिति ने दिनांक 16.12.2024 को लॉकर खुलवाकर इसकी सूचना अन्वेषण अधिकारी एवं श्री सीताराम जांगिड़ को दी थी। इसके लिए 29.12.2024 रविवार को सूचना देकर कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन किया गया था। जिसमें श्री सीताराम जांगिड़ पूर्व अध्यक्ष दस्तावेज कार्यकारिणी को सुपुर्द करने हेतु उपस्थित नहीं हुए इसकी सूचना भी रजिस्टर्ड पत्र द्वारा श्री सीताराम जांगिड़ एवं SHO थाना वरुण पथ मानसरोवर को दे दी गई थी। इस प्रकरण की वर्तमान स्थिति में भी दस्तावेज प्राप्त नहीं हुए हैं। कोर्ट द्वारा दस्तावेज लेने हेतु प्रयास जारी हैं।इस बाबत अब तक 32000/- रूपए वकील की फीस के रूप में समिति को वहन करना पड़ा है।समिति के कागजात प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आगे भी खर्च होने की संभावना है। समिति के दस्तावेजों को रखने के लिए लॉकर खुलवाने का खर्च 3742/-रूपए आया। लॉकर अब बंद करवा दिया गया है। यहाँ यह भी बताना आवश्यक होगा की कार्यकरिणी द्वारा पंजीकरण अधिकारी से समिति की रजिस्ट्री की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर ली है।

11.**समिति परिसर में नए निर्माण कार्य**- कार्यकारिणी की बैठक में समिति की आय पर आयकर भुगतान के विषय में विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। विचार–विमर्श उपरांत यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आयकर के रूप में राशि जमा करने के स्थान पर समिति की उपलब्ध राशि को निर्माण कार्य में व्यय किया जाए, जिससे समिति की संपत्ति का विकास हो सके।इस क्रम में यह प्रस्ताव रखा गया कि भवन की तीसरी मंजिल पर निर्मित छत के नीचे आवश्यक निर्माण कार्य कराया जाए, जिसमें कमरों, स्नानघर, एक स्टोर एवं शौचालय का निर्माण शामिल हो।प्राप्त प्रस्ताव पर उपस्थित सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।कार्यकारिणी के निर्णयानुसार उक्त प्रस्ताव के अनुरूप तीसरी मंजिल पर निर्मित छत के नीचे दो कमरे,

स्नानघर, एक स्टोर एवं शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण करवा दिया गया है।सभी में खिड़कियाँ एवं दरवाजे भी लगवा दिए गए हैं ।नव निर्मित भवन पर बिरला पुट्टी करवा दी गयी है । संबंधित निर्माण कार्य समिति के हित में एवं प्रस्तावानुसार संतोषजनक रूप से संपन्न किया गया।वर्तमान में यह उपयोग में आने लायक हो गया है ।इसके लिए कोई दान दाता सहयोग राशि देकर अपने नाम की पट्टिका लगवा सकता है ।इसके लिए मैं दान दाताओं को आमंत्रित करता हूँ ।

12.**मंदिर एवं हॉल का रंग रोगन कार्य बाबत–** माह मार्च 2025 में मंदिर के अंदर रंग रोगन का कार्य पूर्ण करवा दिया गया है। साथ ही मंदिर के पीछे की रसोई एवं कमरों की मरम्मत का कार्य करवा कर हॉस्टल के छात्रों के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है ।साथ ही मंदिर के पीछे और बाई और रसोई के पास टीन ख़राब हो गए थे इसलिए नए टीन लगवा दिए गए हैं ।मरम्मत एवं पुताई भी करवा दी गयी है ।

13.**अनुपयोगी सामान का निस्तारण**-समिति में अनुपयोगी सामान यथा पुराने लोहे का सामान , रद्दी,समिति का अनुपयोगी रिकॉर्ड तथा पुराने वाउचर,पुरानी रसीद बुकें एवं पुरानी फाइलें इन सभी का निस्तारण कर बेचा गया । जिससे समिति को 25760/- रुपए लोहे से एवं 9500/- रुपए पुराने कागजातों से आए प्राप्त हुई है ।

14.**चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन-** समिति ने अपने परिसर पर दिनांक 23.03.2025 को कंचन देवी मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया । इसमें करीब 160 लोगों ने भाग लिया । इसी अवसर पर रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया जिसमें करीब 70 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया ।दिनांक 30.11.25 को भी डॉक्टर रविन्द्र कुमार जांगिड की पुण्य स्मृति में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे समिति ने सहयोग प्रदान किया ।

15.**वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम – निर्णय एवं क्रियान्वयन रिपोर्ट**

कार्यकारिणी की बैठक में डॉ. प्रेम नारायण शर्मा द्वारा यह सुझाव प्रस्तुत किया गया कि समिति के वे सम्मानित सदस्य जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक हो चुकी है, उन्हें उनके निवास पर जाकर सम्मानित किया जाना चाहिए। इस सुझाव का उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से समर्थन किया गया। इस संदर्भ में उपाध्यक्ष श्री आर.पी. शर्मा जी ने यह सुझाव दिया कि सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व संबंधित सदस्य की सहमति प्राप्त करना आवश्यक रहेगा, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस पुनीत कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु एक समिति का गठन किया जाए। इस समिति का नेतृत्व कार्यकारिणी सदस्य श्री एस.एन. नागल को सौंपा गया। समिति के अन्य सदस्य उपाध्यक्ष श्री आर.पी. शर्मा जी एवं कोषाध्यक्ष श्री कैलाश पंवार जी को नामित किया गया। इस कार्यक्रम में 26 सदस्यों के नाम समिति को प्राप्त हुए थे। इनमे से 25 सदस्यों को सम्मानित किया जा चुका है , शेष एक सदस्य का भी उनकी सहमति मिलते ही घर पर जाकर सम्मानित किया जायेगा ।

16.**संविधान संशोधन प्रस्ताव** -कार्यकारिणी ने समिति के संविधान में आम सभा द्वारा अंगीकृत किये गए संशोधनों को यथा स्थान समावेश करते हुए संविधान को अपडेट किया है ।साथ ही कुछ संविधान संशोधन प्रस्तावित किये हैं जो बिंदु 7 पर आपके समक्ष रखे जायेंगे ।

17.**समिति के नाम का बोर्ड एवं नाम पट्टिकाएं लगवाना** –समिति भवन के मुख्य द्वार पर समिति का नाम पुनः लिखवाया गया। समिति के पूर्व अध्यक्षों की सूचि को पूर्ण करवाया गया।पदाधिकारियों के पदनाम ,सुधिवायें एवं हॉस्टल के दिशा सूचक पट्टिकाएं लगवाई गई।

18.**समिति में आजीवन सदस्यों की संख्या बढाने का कार्य** –दिनांक 01.04.2024 को समिति के आजीवन सदस्यों की संख्या 922 थी जो वर्तमान में बढ़कर 1003 हो चुकी है और निरंतर प्रयास जारी है। आजीवन सदस्यों का वर्षवार ब्यौरा निमं प्रकार से है:-

| S.NO. | BLOCK YEAR | NUMBER OF MEMBERS |
|---|---|---|
| 1 | 2008-2010 | 42 |
| 2 | 2010-2011 | 42 |
| 3 | 2011-2012 | 02 |
| 4 | 2012-2015 | 18 |
| 5 | 2015-2018 | 0 |
| 6 | 2018-2020 | 39 |
| 7 | 2020-2022 | 07 |
| 8 | 2022-2024 | 52 |
| 9 | 2024 से अब तक | 81 |

19.**समिति की वित्तीय स्थिति** – समिति के पास दिनांक 01.04.2024 को नकद 37816 /- रूपए एवं बैंक में 224172/- FDR 850000/- रूपए थे। वर्तमान में 31.11.25 को 37521.70 रूपए नकद 38249/- रूपए बैंक में एवं 850000/-रूपए की FDR है।

20.**धारा 80 G की सुविधा ख़त्म होने बाबत** – वर्ष 2020 में आयकर विभाग द्वारा पंजीकरण हेतु सुचना मांगी गयी थी, समय पर सूचना नहीं देने के कारण समिति की 80 G की सुविधा आयकर विभाग ने समाप्त

कर दी। 80 G की सुविधा समाप्त होने के कारण समिति को आयकर विभाग से मई 2025 में आयकर जमा करवाने का नोटिस प्राप्त हुआ।

21. **आयकर बाबत** – समिति के वर्ष 2021-22,2022-23 तथा 2023-24 के आयकर रिटर्न की मांग राशि निम्नानुसार थी।

| S.NO. | YEAR | INCOME TAX |
|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 55060/- |
| 2 | 2022-23 | 151840/- |
| 3 | 2023-24 | 152120/- |
| | **TOTAL INCOME TAX** | **359020/-** |

जिसके समाधान हेतु CA अरविन्द माथुर एंड कंपनी से संपर्क किया गया। CA की फीस,ACCOUNT OF BOOKS तैयार करने आदि का खर्च 70000/-रूपए की राशि सहित कुल खर्च 106222/- रूपए हुआ। जो समिति के पूर्व अध्यक्ष श्री सीताराम जांगिड़ की अकर्मण्यता एवं लापरवाही के कारन समिति को अनावश्यक अतिरिक्त आर्थिक भार वहन करना पड़ा है , जो एक विचारनीय विषय आम आजीवन सदस्यों के लिए है।

22.**समिति को प्राप्त आय** –हमारे कार्यकाल में समिति को निम्न आय प्राप्त हुई है :-

| क्रम संख्या | मद | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|---|
| 1 | हॉस्टल एवं भवन से आय | 1211227 | 823352 |
| 2 | आजीवन सदस्यता | 47300 | 33000 |
| 3 | बैंक ब्याज (FDR) | 62761 | 3123 |
| 4 | अन्य राशि (दान ,पूजा ) | 3550 | 3200 |
| 5 | सम्मान समारोह | - | 11000 |
| 6 | डोनेशन | - | - |
| 7 | अनुपयोगी सामान विक्रय से प्राप्त राशि | - | 57360 |
| 8 | चांदी के मैडल के विक्रय से प्राप्त राशि | - | 47300 |
| | **TOTAL INCOME** | **1324838** | **978335** |

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित समस्त समाज बंधुओं से मैं यह भी विनम्र निवेदन करना चाहता हूँ की इस कार्यकाल में भरसक प्रयासों के बावजूद यदि कोई कार्य अधुरा रह गया हो , किसी योजना को हम पूर्ण रूप से क्रियान्वित नहीं कर पायें हैं अथवा कोई कमी और त्रुटी रह गयी हो तो उसे हमारी अज्ञानता नहीं बल्कि मानवीय सीमाओं के रूप में स्वीकार करें। आप सभी के सुझाव , मार्गदर्शन एवं सकारात्मक आलोचना हमें आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेंगे।

समिति के हित में भविष्य में उन सभी कमियों को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

इन्हीं भावनाओं के साथ आप सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद की अपेक्षा के साथ इस रिपोर्ट को अनुमोदित करने की अपेक्षा करता हूँ।

धन्यवाद्

जय श्री विश्वकर्मा

जय महर्षि अंगीरा

# आम सभा

DATE 04 01 2026

आज दिनांक 04.01.2026 को दोपहर 12.15 बजे कर्मचारी समिति परिसर 3/25 वरुण पथ, मानसरोवर जयपुर में आम सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्न कार्यकारिणी सदस्यों, आजीवन सदस्यों एवं समाज बंधुओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई:—

| | | | |
|---|---|---|---|
| सर्वश्री 01 | ब्रजकिशोर शर्मा | अध्यक्ष | 9928080626 |
| 02 | केदार प्रसाद जाँगिड़ | महामंत्री | 9413239122 |
| 03 | कैलाश चन्द शर्मा | कोषाध्यक्ष | 9799849551 |
| 04 | प्रेमनारायण शर्मा | संयुक्तमंत्री | 9462165160 |
| 05 | आर० पी० शर्मा | उपाध्यक्ष | 9784430043 |
| 06 | एस० एम० नागल | — " — | 9413769696 |
| 07 | राजेन्द्र कुमार जांगिड | | 7728990670 |
| 8 | राम स्वरूप शर्मा | | 8094999951 |
| 9 | सत्यवीर सिंह जांगिड | | |
| 10 | उमेश चन्द्र शर्मा | | 7665060555 |
| 11 | मोहन लाल जांगिड | | 9414320925 |
| 12 | रमेश चन्द्र शर्मा | | 9829846217 |
| 13 | कैलाश चन्द जाँगिड़ | | 9414887844 |
| 14 | रामअवतार रावत | | 9414349465 |
| 15 | हरीराम जांगिड | | 9460756668 |
| 16 | प्रकाश शर्मा | | 9314605335 |
| 17 | मुरारी लाल शर्मा | | 9461068199 |
| 18 | त्रिलोक चन्द शर्मा | | 9314504330 |
| 19 | बाबूलाल शर्मा | | 9460561401 |
| 20 | सच्चिदानन्द शर्मा | | 9414070502 |
| 21 | बी.सी. रावत एडवोकेट | | 9828012347 |
| 22 | अमित जाँगिड़ | | 6375080505 |
| 23 | राज कुमार शर्मा | | 9928034526 |
| 24 | Rambilas Sharma | | 9351587395 |
| 25 | Ram Dayal Sharma | | 9414446671 |
| 26 | | | |

classmate PAGE

DATE

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | अशोक कुमार शर्मा | 9782219356 | |
| 28 | राम सहाय जांगिड़ | 8769630131 | रामसहाय जांगिड़ |
| 29 | रामेश्वर प्रसाद जांगिड़ | | |
| 30 | मुकेश कुमार जांगिड़ | 9414794573 | |
| 31 | राकेश जांगिड़ | 9928661199 | |
| 32 | सुरेश कु. जांगिड़ | 9667399637 | |
| 33 | विजय कुमार जांगिड़ | 9799375574 | |
| 34 | गुलाबचन्द शर्मा | 9460167150 | Jangid |
| 35 | शंकर लाल जांगिड़ (Retd. ITO) | 9414606458 / 98281-63566 | |
| 36 | रामकिशोर ... | 9828530588 | |
| 37 | रामविलास जांगिड़ | | रामविलास जांगिड़ |
| 38 | Heera Lal Sharma | 9667077882 | |
| 39 | Shanker Lal Suthar | 9414607444 | Suthar |
| 40 | Ramesh Arya | 9414455301 | |
| 41 | Bhanwarlal Jangid | 9414445453 | भंवरलाल |
| 42 | Gaurav Jangid | 6378469941 | Gaurav |
| 43 | Neetu Sharma | 9649206633 | |
| 44 | Satyaveer Jangid | 9461151544 | |
| 45 | Devi Lal Sharma | 9929834506 | |
| 46 | PRAMOD JANGID | 9509803329 | |
| 47 | मोहन लाल शर्मा | 9414696212 | |
| 48 | मनमोहन शर्मा रजनी विहार | 8890298261 | |
| 49 | ओम लाल शर्मा | 9413961851 | |
| 50 | उम्मेद शर्मा मानसरोवर | 7792879777 | |
| 51 | Ram Sharan Jangid | 9166010007 | |
| 52 | Madhukar Sharma | 9413283275 | |
| 53 | Basant Kr. Sharma | 9269911435 | |
| 54 | रामनिवास जांगिड़ | 9929118797 | |
| 55 | हरि ... शर्मा | 9413336312 | |
| 56 | Rajendra Jangid. | 9887802220 | |

PAGE

## श्री विश्वकर्मा जांगिड़ कर्मचारी समिति, मानसरोवर, जयपुर में आयोजित आम सभा की चित्रावली



## SHRI VISHWAKARMA JANGID KARMCHARI SAMITI

MANSAROVAR,JAIPUR -302020

### Balance Sheet

1-Apr-24 to 31-Mar-25

| Liabilities | | as at 31-Mar-25 | Assets | | as at 31-Mar-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| **Capital Account** | | 1,20,11,133.21 | **Fixed Assets** | | 1,09,67,139.00 |
| *RESERVE FUND* | 1,20,11,133.21 | | Fixed Assets New for Dep | 2,65,992.00 | |
| | | | Fixed Assets - OLD | 1,07,01,147.00 | |
| **Loans (Liability)** | | | | | |
| | | | **Investments** | | 9,31,963.00 |
| **Current Liabilities** | | 2,95,154.00 | *ACCRUED INTEREST* | 81,963.00 | |
| Sundry Creditors | 1,42,254.00 | | *BANK FDR* | 8,50,000.00 | |
| Security Deposit | 1,39,000.00 | | | | |
| *AUDIT FEES PAYBLE* | 13,900.00 | | **Current Assets** | | 4,07,185.21 |
| | | | Cash-in-hand | 50,388.70 | |
| Excess of expenditure over income | | | Bank Accounts | 3,30,223.51 | |
| *Opening Balance* | | | *ACCURED INTT ON SB* | 100.00 | |
| *Current Period* | 2,48,294.50 | | *FDR Ag. Locker SBI Amba Bari Jpr* | 20,000.00 | |
| *Less: Transferred* | 2,48,294.50 | | *Security with JVVNL* | 861.00 | |
| | | | *TDS Receivable* | 5,612.00 | |
| **Total** | | 1,23,06,287.21 | **Total** | | 1,23,06,287.21 |

For SHRI VISHWAKARMA JANGID KARMCHARI SAMITI

For ARVIND MATHUR & CO.
CHARTERED ACCOUNTANTS
FRN: 005659C

ARVIND MATHUR & CO. JAIPUR CHARTERED ACCOUNTANTS

(Brij Kishor Sharma)
President

(Kailash Chand Sharma)
Treasurer

(Rajeev Kumar)
Partner
M.No: 074036

UDIN:25074036BMOIWE3121

Place: Jaipur
Date: 27/08/2025

# SHRI VISHWAKARMA JANGID KARMCHARI SAMITI

MANSAROVAR,JAPUR -302020

## Income and Expenditure Statement

1-Apr-24 to 31-Mar-25

| Particulars | 1-Apr-24 to 31-Mar-25 | | Particulars | 1-Apr-24 to 31-Mar-25 | |
|---|---|---|---|---|---|
| **Direct Expenses** | | 10,76,543.50 | **Direct Incomes** | | 12,11,227.00 |
| Audit Fees Exp. | 5,900.00 | | Hostel Receipts | 12,11,227.00 | |
| Bandhutv Sandesh Printing Exp | 8,200.00 | | | | |
| Blood Donation & Medical Camp Exp | 2,100.00 | | **Indirect Incomes** | | 1,13,611.00 |
| Building Maint. Exp | 3,80,019.00 | | Interest From SBI | 62,761.00 | |
| Coveyance Exp. | 24,000.00 | | LIFE MEMBERSHIP | 47,300.00 | |
| Depreciation | 30,299.00 | | Miscellaneous Income | 3,550.00 | |
| Diwali Exp | 1,370.00 | | | | |
| Electric Maint. Exp. | 56,115.00 | | | | |
| Electric & Power Exp | 1,36,891.00 | | | | |
| Festival Exp | 66,202.00 | | | | |
| Flage A/c | 3,055.00 | | | | |
| Honararium Exp | 1,08,000.00 | | | | |
| Legal Exp | 16,370.00 | | | | |
| Locker Charges (SBI Ambabari) | 4,328.50 | | | | |
| Meeting Exp | 13,249.00 | | | | |
| Misc. Exp | 2,310.00 | | | | |
| Pooja Exp | 13,656.00 | | | | |
| Pratibha Samman Exp. | 1,72,484.00 | | | | |
| Stationery Exp | 6,245.00 | | | | |
| Telephone Exp | 5,200.00 | | | | |
| Water Cooler & Saintery Rep. | 15,000.00 | | | | |
| Water Exp | 5,550.00 | | | | |
| Excess of income over expenditure | | 2,48,294.50 | | | |
| **Total** | | 13,24,838.00 | **Total** | | 13,24,838.00 |

For SHRI VISHWAKARMA JANGID KARMCHARI SAMITI

(Brij Kishor Sharma)
President

(Kailash Chand Sharma)
Treasurer

Place: Jaipur
Date: 27/08/2025

For ARVIND MATHUR & CO.
CHARTERED ACCOUNTANTS
FRN: 005659C

(Rajeev Kumar)
Partner
M.No: 074036

UDIN:25074036BMOIWE3121

## SHRI VISHWAKARMA JANGID KARMCHARI SAMITI, MANSAROWAR, JAIPUR
## PROFIT & LOSS ACCOUNT FOR THE PD 1.4.2025 TO 30.11.2025

| Particulars | AMOUNT | Particulars | AMOUNT |
|---|---|---|---|
| **Direct Expenses** | | **Direct Incomes** | |
| Account Maintain Exp | 70000.00 | FDR Interest Received | 1167.00 |
| Bandhutv Sandesh Printing Exp | 5600.00 | Hostal Receipt A/c | 394552.00 |
| Building Maint. Exp | 513662.00 | Interest From SBI | 1926.00 |
| Conveyance Exp | 6000.00 | LIFE MEMBERSHIP | 27500.00 |
| Electric Maint. Exp. | 31733.00 | Receipt of Building Use A/c | 463880.00 |
| Electric & Power Exp | 96717.00 | Received Old Silver Medal | 47300.00 |
| Frieght & Cartage Exp. | 4700.00 | Received Pooja A/c | 3200.00 |
| Furniture Repair & Maint. Exp | 14900.00 | Sale of Wastage (Iron & Paper) | 57360.00 |
| Honararium Exp | 91000.00 | Sanjay Harshwal (Donation) | 11000.00 |
| Income Tax Paid | 36222.00 | | |
| Legal Exp | 15600.00 | | |
| Meeting Exp | 5533.00 | | |
| Misc. Exp | 1725.00 | | |
| Pooja Exp | 21879.00 | | |
| Sr Citizan Honour Exp. | 6600.00 | | |
| Stationery Exp | 2115.00 | | |
| Sweeping Exp | 43080.00 | | |
| Telephone Exp | 3599.00 | | |
| Water Cooler & Saintery Rep. | 790.00 | | |
| **Gross Profit c/o** | 36430.00 | | |
| | **1007885.00** | | **1007885.00** |

**SHRI VISHWAKARMA JANGID KARMCHARI SAMITI**

Sd-

**(KAILASH CHAND SHARMA )**

**TRESURER**



## श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति, मानसरोवर जयपुर

### दिनांक 4 जनवरी 2026 की आम सभा में संविधान में संशोधित किये गये प्रावधान

| पैरा | संविधान के बिंदू | वर्तमान प्रावधान | संशोधन हेतु प्रस्तावित प्रावधान |
|---|---|---|---|
| 9 | साधारण सभा की बैठक - | **1. समिति की साधारण सभा की वार्षिक बैठक विश्वकर्मा जयन्ती अर्थात माघ शुक्ला त्रयोदशी को आयोजित की जायेगी ।**<br><br>2. आवश्यकता पडने पर समिति की साधारण सभा की विशेष बैठक समिति के अध्यक्ष अथवा महामन्त्री के द्वारा कभी भी आहूत की जा सकेगी ।<br><br>3. साधारण सभा की वार्षिक बैठक की सूचना समिति के महामन्त्री द्वारा 14 दिन पूर्व दी जायेगी एवं साधारण सभा की विशेष बैठक की सूचना समिति के अध्यक्ष अथवा महामन्त्री क द्वारा 7 दिन पूर्व दी जायेगी ।<br><br>4. समिति की साधारण सभा की बैठक में सदस्यों का कोरम 1/10 होगा ।<br><br>5.यदि किसी दिन समिति की साधारण सभा की बैठक में सदस्यों का कोरम पूर्ण नही होता तो अध्यक्ष अथवा महामन्त्री के द्वारा साधारण सभा की बैठक किसी अन्य तिथि के लिए जो भी बैठक के समया निश्चित की जायें उस तिथी/समय तक स्थगित की जा सकेगी ।<br><br>6. साधारण सभा की स्थगित बैठक में कार्यवाही के संचालन के लिए सदस्यों के कोरण की आवश्यकता नही होगी परन्तु ऐसी स्थगित बैठक में विारणीय विषय वे ही होगें जो कि पूर्व बैठक के लिए एजेन्डा में निश्चित किये गये थें ।<br><br>7. यदि समिति की साधारण सभाके 1/10 सदस्य अथवा 50 सदस्य इनमें से जो भी कम हो, समिति के अध्यक्ष अथवा महामन्त्री को इस आशय की लिखित सूचना देते है कि समिति की विशेष बैठक आहूत करें तो समिति के अध्यक्ष अथवा महामन्त्री के लिएये यह बाध्यकारी होगा कि उक्त सूचना की प्राप्ति के 30 दिन की अवधि में समिति की साधारण सभाकी विशेष बैठक आहूत करें । | **1. समिति की साधारण सभा की वार्षिक बैठक विश्वकर्मा जयन्ती अर्थात माघ शुक्ला त्रयोदशी अथवा जनवरी से फरवरी माह में आयोजित की जायेगी तथा मार्च में चुनाव कराना अनिवार्य होगा ।** |
| 11. | समिति की कार्यकारिणी | 1. समिति के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए समिति की एक कार्यकारिणी होगी ।<br>2. समिति की कार्यकारिणी में निम्न पदाधिकारी होगें । 11 नवम्बर 2018 में संशोधित<br>1. अध्यक्ष एक<br>2. उपाध्यक्ष चार<br>3. विशिष्ट सलाहकार एक<br>4. महामन्त्री एक<br>5. संगठन मंत्री तीन<br>6. संयुक्त मंत्री एक तथा प्रत्येक जिले में एक पद<br>7. कोषाध्यक्ष एक<br>8. प्रचार मंत्री आठ तथा प्रत्येक जिले में एक पद<br>9. सदस्य चार | **3.जिला स्तर पर समिति के प्रचार प्रसार हेतु प्रत्येक जिले में एक पद जिला समन्वयक का सृजित किया जावे । साथ ही जिला संयुक्त मन्त्री तथा जिला प्रचार मन्त्री का पद समाप्त किया जावें ।जिला समन्वयक आर्थिक संसाधन समिति अध्यक्ष तथा कार्यकारिणी से पारित करवाकर कार्य करेगा ।** |
| 12. | कार्यकारिणी का निर्वाचन | 1.समिति की कार्यकारिणी के अध्यक्ष को 2 वर्ष के लिए साधारण सभा द्वारा प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुना जायेगा ।यहा वर्ष से तात्पर्य वित्तिय वर्ष 1 अप्रेल से 31 मार्च होगा ।<br>1ए. समिति के अध्यक्ष पद पर कोई भी सदस्य अधिकतम 2 कार्यकाल के लिए चुना जा सकता है ।तीसरे कार्यकाल के लिए कोई सदस्य चुनाव हेतु आवेदन करने का पात्र नही होगा । | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 2. कार्यकारिणी के अध्यक्ष का चुनाव जहां तक सम्भव हो 1 फरवरी से 15 मार्च के मध्य सम्पन्न कराया जायेगा ताकि नये अध्यक्ष/कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 अप्रेल से प्रारम्भ हो जावे । चुनाव की तिथि व स्थान की सूचना सभी सदस्यों को सोशियल मिडिया के माध्यम यथा व्हाट्सअप, मेसेज, तथा सामाजिक पत्र पत्रिकाओ के माध्यम से अथवा ई–बन्धुत्व संदेश में यथा समय प्रकाशित की जावेगी ।<br><br>3.आम सभा द्वारा चुने गये नये अध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने तक निवर्तमान अध्यक्ष समिति के दिन प्रतिदिन के कार्य करता रहेगा । किन्तु चनाव की अधिसूचना के बाद कोई नीतिगत निणर्य नही लेगा । | 2. कार्यकारिणी के अध्यक्ष का चुनाव जहां तक सम्भव हो 1 फरवरी से 15 मार्च के मध्य सम्पन्न कराया जायेगा ताकि नये अध्यक्ष/कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 अप्रेल से प्रारम्भ हो जावे । चुनाव की तिथि व स्थान की सूचना सभी सदस्यों को सोशियल मिडिया के माध्यम यथा व्हाट्सअप, मेसेज, तथा सामाजिक पत्र पत्रिकाओ के माध्यम से अथवा ई–बन्धुत्व संदेश में यथा समय प्रकाशित की जावेगी ।<br><br>3.आम सभा द्वारा चुने गये नये अध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने तक निवर्तमान अध्यक्ष समिति के दिन प्रतिदिन के कार्य करता रहेगा । किन्तु चनाव की अधिसूचना के बाद कोई नीतिगत निणर्य नही लेगा । |
| | | 4. नव निर्वाचित अध्यक्ष समिति की कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों का चुनाव करेगा । | |

## पौषबड़ा प्रसादी कार्यक्रम

समिति द्वारा 4 जनवरी 2026 को आमसभा के साथ साथ पौष बड़ा प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया, इसमें मूंग का हलवा, दाल की पकौड़ी, धनिया की चटनी, पूड़ी तथा आलू मटर की सब्जी, बनाई गई इस बार समिति ने करीब 600 टिकिटो की बिक्री की थी, जिसमें 577 टिकिट धारकों ने 30 छात्रावास के छात्र तथा 5 हलवाई ने भोजन प्रसादी ग्रहण की ।

सभी आगंतुकों ने भोजन प्रसादी को बहुत ही स्वादिष्ट बताया तथा इस नाम मात्र की राशि में इतना अच्छी प्रसादी के लिए समिति की कार्यकारिणी को धन्यवाद दिया, इस पर समिति ने करीब 50 हजार का भार वहन किया है।

इस अवसर पर अधिकतर करीब 250 समिति के सदस्यों तथा उनके परिवार जनों ने भाग लिया, पधारे हुए सभी सदस्यों तथा समाज बंधुओं को बहुत बहुत धन्यवाद,

–बृज किशोर शर्मा
अध्यक्ष तथा समस्त कार्यकारिणी



# वर्ष 2026–28 अध्यक्ष पद हेतु चुनाव का कार्यालय
## श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति,
**3/25, वरूण पथ, मानसरोवर, जयपुर**

पत्रांक – 44 दिनांक– 25.1.2026

### चुनाव अधिसूचना

श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति, मानसरोवर जयपुर की कार्यकारिणी की दिनांक 28, दिसम्बर 2025 को हुई मिटिंग में लिए गये निर्णय के अनुसार समिति के वर्ष 2026–2028 के अध्यक्ष पद के चुनाव हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता श्री बी सी रावत एडवोकेट को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया हूँ ।

संविधान में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुऐ आमसभा दि.4.1.2026 की मिटिंग में लिए गये निर्णय के अनुसार मै. बी सी रावत चुनाव अधिकारी चुनाव हेतु निम्न कार्यक्रम की घोषणा करता हूँ ।

| क्र. स. | कार्यक्रम का विवरण | तिथियाँ एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | नये आजीवन सदस्य बनने की अंतिम तिथि/समय | 22.02.2026 रविवार रात्रि 12 बजे तक |
| 2. | सदस्यता सूची का प्रकाशन | 25.2.2026 बुधवार अपरान्ह 4 बजे तक |
| 3. | सदस्यता सूची पर आपत्ति करने की तिथी/समय | 4.3.0226 बुधवार अपरान्ह 1 बजे तक |
| 4. | सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन | 7.3.2026 शनिवार अपरान्ह 1 बजे तक |
| 5 | नामाकंन प्रस्तुत करने की तिथि/समय | **8.3.2026 रविवार अप. 1 बजे तक** |
| 6. | नामाकंन की जॉच/सूची का प्रकाशन तिथि/समय | **8.3.2026 रविवार अप 2 बजे तक** |
| 7. | नाम वापसी की तिथि/समय | **8.3.2026 रविवार अप. 4 बजे तक** |
| 8. | चुनाव हेतु प्रत्याक्षियों की अंतिम सूची एवं चुनाव चिन्ह जारी करना | **8.3.2026 रविवार अप 5 बजे तक (निर्विरोध चुनाव होने पर शपथ ग्रहण )** |
| 9. | चुनाव की तिथी | 15.3.2026 रविवार प्रातः11 से 6 बजे तक |
| 10. | चुनाव परिणामों की घोषण तथा शपथ ग्रहण | परिणामों के तुरन्त बाद, |

1.चुनाव हेतु आवेदन पत्र,मतदाता सूची आदि चुनाव अधिकारी से उपर दिये पते से दिनांक 7.3.2026 को सायं 5 से 6 बजे तक तथा 8.3.2026 को प्रातः10 से 12 बजे तक चुनाव अधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है ।

2. नामांकन पत्र के साथ नामांकन शुल्क रूप्यें 5100/–पांच हजार एक सौ मात्र कोषाध्यक्ष को जमा कराकर उसकी रसीद नामांकन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। **यह राशि वापसी योग्य नही होगी।**

3. किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में चुनाव अधिकारी का निर्णय अंतिम एंव सभी को स्वीकार्य होगा।

4. उम्मीदवार को अपना फार्म सावधानी से मतदाता सूची में दर्ज विवरण के अनुसार भरना होगा ।

5. आपत्तियों चुनाव अधिकारी के समक्ष व्यक्तिश उपस्थित होकर साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकतें है ।

6. श्री रामावतार नेपालपुरिया एडवोकेट तथा श्री कपिलदेव शर्मा एडवोकेट सहायक चुनाव अधिकारी होगे ।

BC Rawat

**( बी सी रावत,एडवोकेट )**
**चुनाव अधिकारी**
**मो.9828012347**

**प्रतिलिपि–सूचनार्थ 1. अध्यक्ष/महामंत्री/कोषाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति,मानसरोवर जयपुर**
**2. समिति के नोटिस बोर्ड 3. पंजीयक, सहकारी समितियां राजस्थान सरकार, जयपुर**
**4. बन्धुत्व संदेश सहित अन्य सामाजिक पत्रिकाऐ तथा मिडियॉ को प्रकाशनार्थ ।**

# वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम

श्री विश्वकर्मा जांगिड़ कर्मचारी समिति जयपुर की दिनांक-28.12.2025 को सम्पन्न कार्यकारिणी की मीटिंग में लिए गये निर्णय के अनुसार दिनांक 01.01.2026 को जिन सदस्यों की आयु 80 वर्ष या अधिक हो गई है उनको भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इस हेतु सदस्य स्वयं अथवा परिचित अन्य सदस्य की निम्न सूचना दिनांक 15 फरवरी 2026 तक अध्यक्ष, महामंत्री अथवा कोषाध्यक्ष के मोबाइल पर भिजवाने का श्रम करें ताकि उनको 20 मार्च 2026 से पूर्व सम्मानित किया जा सकें

1. आधार की फोटो प्रति दोनो तरफ की।
2. पता यदि आधार से भिन्न हो तो तथा फोन नम्बर जिससे सदस्य से सम्पर्क हो सके ।
3. नवीन तम पासपोर्ट साइज की फोटो।

सदस्यों की सूचना प्राप्त होते ही उनकी सुविधानुसार समिति के पदाधिकारी उन्हें सम्मानित करने जायेंगे।

संपर्क सूत्र : अध्यक्ष श्री बृज किशोर शर्मा 9928080626, महामंत्री केदार प्रसाद जांगिड़ 9413239122, कोषाध्यक्ष श्री कैलाश चंद पंवार 9799849551







4 जनवरी 2026 को आम सभा में श्री भंवर लाल जी शर्मा तथा श्री राम सहाय जी जांगिड़ श्रटटछस्से सेवा निवृत तथा बाबा हरिश्चंद्र मार्ग स्थित सीताराम जी मंदिर समिति अध्यक्ष, दोनो को शॉल, दुपट्टा पहनकर तथा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया, आप दोनों को सम्मानित करते हुए सर्व श्री आर डी शर्मा, शंकर लाल जी आयकर विभाग, शिव नारायण नागल, बृज किशोर शर्मा तथा श्री आर पी शर्मा जी।



वरिष्ठ जन सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत समिति के आजीवन सदस्य श्री गिरधारी लाल जांगिड़ सेवा निवृत भूजल विभाग, जसराना वालों को दिनांक 3 जनवरी 2026 को उनके जयपुर स्थित फ्लैट पर सम्मानित करते हुए समिति के पदाधिकारी सर्व श्री शिव नारायण जी त्रिलोक चंद जी कैलाश चंद पंवार, प्रेम नारायण जी केदार प्रसाद जी बृज किशोर जी तथा श्री उमेश चन्द जी चिचावा पूर्व अध्यक्ष, इस अवसर पर उनके सुपुत्र भी उपस्थित रहे।







श्री विश्वकर्मा जांगिड़ कर्मचारी समिति मानसरोवर जयपुर में 77वाँ गणतंत्र समारोह हर्षौल्लास के साथ मनाया गए, वयोवृद्ध आजीवन सदस्य श्री शंकर लाल शर्मा, तथा श्री शिव नारायण नागल के द्वारा झंडारोहण किया गया, इस अवसर पर स्कूल के बच्चे तथा छात्रावास के छात्र भी उपस्थित रहे , सभी को लड्डूओं को वितरण किया गया।







## समिति प्रांगण में मां सरस्वती जी की पूजा करते हुए छात्र

25 जनवरी 2026 बसंत पंचमी के दिन समिति के हॉस्टल के छात्रों ने हंसवाहिनी, वीणा वादिनि मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना के साथ बसंत पंचमी का त्यौहार हर्षौल्लास के साथ मनाया, तथा प्रसाद का वितरण किया गया, यह कार्य छात्रावास के छात्रों ने स्व प्रेरणा से आयोजित किया इसके लिय भाग लेने वाले सभी छात्र को समिति परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं तथा धन्यवाद ।